



## एक नजर में

### कढ़ाई में लगेगा साप्ताहिक बाजार

**बैतूल।** सरपंच श्रीमती पुष्पा झरवडे की अध्यक्षता में ग्राम सभा बैठक में ग्राम वासियों ने कढ़ाई में साप्ताहिक हाट बाजार लगाने के लिए निर्णय लिया। श्रीमती पुष्पा झरबडे ने बताया कि ग्राम कढ़ाई में जिला जेल, छात्रावास, वुडन क्लस्टर आदि के चालू होने के बाद यहां बाजार की मांग बढ़ेगी इसलिए स्थानीय किसानों को स्थानीय स्तर पर ही अपने उत्पाद बेचने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हाट बाजार चालू किया जाएगा और स्थानीय खरीदारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बाजार में आसपास के 5 गांवों के लोग और आस-पास के व्यापारी सब्जी व अन्य जरूरी सामान बेचने आएंगे। ग्राम पंचायत, विशेषकर ग्राम सरपंच, इन बाजारों के सुचारू संचालन और स्थल की सफाई व पानी की व्यवस्था करेगी साथ ही बाजार लगने से निवासरत कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर ही ताजी सब्जियां उपलब्ध होगी। इस निर्णय पर ग्राम सभा में जनपद सदस्य धन्नू उइके ने कहा कि यह पंचायत की बहुत अच्छी पहल है और इसके लिए जन सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

### पुरुष आरक्षक बैंड के लिए भर्ती की तिथि बढ़ी

**बैतूल।** ऐसे कम ही मौके आते हैं जब पुलिस विभाग में कला में निपुणता के कारण नौकरी के अवसर मिल रहें हो। मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में पुलिस बैंड की स्थापना के संबंध में विभिन्न पुलिस इकाइयों में बैंड दल में सीधी भर्ती से नियुक्त किए जाने वाले पुरुष आरक्षक (बैंड) के 679 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। कला क्षेत्र में एशिया का शीर्ष विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छग से सम्बद्ध अनहद कला संगीत शिक्षा समिति के संचालक दिलीप रावत ने बताया कि इसकी अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी जिसे बड़ा कर 30 अप्रैल कर दिया है। नौकरी के लिए स्किल टेस्ट और बैंड बजाने का टेस्ट लिया जाएगा, इसके अलावा इंटरव्यू भी होगा। श्री रावत ने बताया कि यह कलाकारों के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है जिसमें वह अपनी योग्यता से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।

### अंग प्रत्यारोपण शिविर का हुआ शुभारंभ

**बैतूल।** सेवा भारती एवं लोक शिक्षण समिति बैतूल के तत्वाधान में महावीर सेवा संदन कोलकाता, जॉइंट्स ग्रुप इंदौर के सहयोग से नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ी में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ रविवार को जिला अध्यक्ष सेवा भारती मुकेश खंडेलवाल द्वारा दिव्यांगों को नि- शुल्क अंग प्रदान कर किया गया। पांच दिवसीय इस शिविर के विषय में कार्यक्रम आयोजक अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि शिविर में 100 दिव्यांगों को कृत्रिम मांग देने का लक्ष्य रखा गया है और शिविर के पहले दिन 25 दिव्यांगों को जांच-माप एवं परीक्षण उपरांत कृत्रिम अंग जिसमे हाथ-पैर प्रदान किए गए। सेवा भारती सचिव दिपेश मेहता ने बताया कि साथ ही समृद्धि हेल्थ केयर बैतूल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन रखा गया है जिसमे 135 स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां देने के साथ ही निशुल्क रक्त जांच की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमति शर्मिला ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती सरोज राठौर, तरुण वाघमारे प्रो.महेंद्र गिरी, रूपेश अग्रवाल, केवल ठाकुर, धनराज चौहान सहित ग्राम पंचायत के समस्त पंच एवं बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

# हत्या के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, फरार की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 अप्रैल. गंज थाना क्षेत्र में पूर्व सीआरपीएफ जवान बाबूराव सातनकर की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात 17 अप्रैल को बरसाली क्षेत्र में खेत की मेड को लेकर हुए विवाद के दौरान हुई थी।**

- दो आरोपियों को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार
- पुलिस अन्य फरार आरोपियों की कर रही तलाश



पुलिस ने बताया कि फरियादी विशाल सातनकर पिता बाबूराव सातनकर, (31) निवासी सुभाष वार्ड हमलापुर की रिपोर्ट पर आरोपीगण ओमप्रकाश यादव, नवीन यादव एवं पिल्लू उर्फ फूलचंद करोचे एवं अन्य आरोपी द्वारा खेत की मेढ़ के विवाद को लेकर उसके पिता बाबूराव सातनकर के साथ लाठी -डंडे एवं नोजल पाइप से जान से मारने की नीयत से मारपीट की गई। उक्त घटना में घायल बाबूराव सातनकर की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 109(1), 3(5) बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा मृत्यु होने पर धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी नवीन उर्फ नवीन्द्र पिता राजेश यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी लाखापुर का बस स्टैंड क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेढ़ के विवाद को लेकर बाबूराव सातनकर के साथ मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बांस का डंडा जप्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वहीं एक आरोपी को 19 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही इन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### पूर्व में दो आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

प्रकरण के दो आरोपी ओमप्रकाश यादव उर्फ नानू पिता लक्ष्मण यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बरसाली, पोस्ट लाखापुर, थाना गंज जिला बैतूल एवं पिल्लू उर्फ फूलचंद करोचे पिता सुखराम करोचे, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम बरसाली, पोस्ट लाखापुर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। जबकि फरार आरोपी नवीन उर्फ नवीन्द्र यादव को 19 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नीरज पाल, उप निरीक्षक संदीप परतेती, उप निरीक्षक इरफान कुरैशी, प्रधान आरक्षक नीलेश मीणा, प्रधान आरक्षक मंतराम सरयाम, प्रधान, आरक्षक मयूर, आरक्षक नवीन रघुवंशी, आरक्षक गजानंद, एवं आरक्षक नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

### नाबालिग को भगाने एवं दुष्कर्म करने वाला अरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**सारनी।** नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सारणी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। थाना सारणी में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग भतीजी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। सूचना पर थाना सारणी में धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की टीम ने तकनीकी साधनों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से प्रकरण की गहन जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान थाना सारणी पुलिस ने अथक प्रयासों से नाबालिग अपहर्ता को दिल्ली से सुरक्षित दस्तयाब किया। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 64(2)(ढ), 65(1) बीएनएस, धारा 5रु 6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी अमित सैनी पिता हीरालाल सैनी उम्र 21 साल निवासी सहसवान जिला बदायु थाना जनीफनगर (उ.प्र.) हाल बहलोलपुर सेक्टर 62 गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल के समक्ष पेश किया गया। इस प्रकरण में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, मआर वर्षा नागले, लक्ष्मी की सराहनीय भूमिका रही।

## ज्ञानोदय प्रवेश परीक्षा आयोजित, 232 छात्र हुए शामिल

**बैतूल। ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा पीएमश्री एमएलबी स्कूल बैतूल में संपन्न हुई, जो जिले का एकमात्र परीक्षा केंद्र था।**



कुल 305 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 232 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। सहायक आयुक्त विवेक पांडे ने बताया कि 73 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने जानकारी दी कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संस्थान हैं, जहां कक्षा 6वीं से प्रवेश दिया जाता है।

इन विद्यालयों में चयन पूरी तरह से प्रवेश परीक्षा और मेरिट के आधार पर होता है। यहां छात्रों को निशुल्क या न्यूनतम शुल्क पर आवासीय सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षक और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। परीक्षा पैटर्न में बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होते हैं। प्रश्नपत्र में सामान्य ज्ञान, गणित, हिंदी भाषा, तर्कशक्ति (रीजनिंग) और बुनियादी विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षा का स्तर कक्षा 5वीं तक के पाठ्यक्रम पर आधारित होता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की समझ, गणना क्षमता और तार्किक सोच का मूल्यांकन करना है। जिले में परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासन की टीमें तैनात रहीं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई गई।

## शनि मंदिर में हुई भगवान परशुराम की महाआरती

**बैतूल। अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के अवसर पर नगर के गंज क्षेत्र में स्थित शिव शक्ति हनुमान शनि देव मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।**



इस अवसर पर विधि विधान से भगवान परशुराम का अभिषेक और पूजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विवेक (छुट्टू) भार्गव द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शनि मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया गया था। जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व शनिवार रात्रि में मंदिर समिति द्वारा भगवान परशुराम को भोग प्रसादी अर्पण कर भंडारे का आयोजन किया गया था। वहीं रविवार को जन्मोत्सव के अवसर पर भार्गव समाज बैतूल के सभी पुरूष-महिला सदस्यों की मौजूदगी में प्रातः 9 बजे से भगवान परशुराम का अभिषेक और पूजन किया गया।

इसके पश्चात भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भार्गव सभा बैतूल के अध्यक्ष दीपक भार्गव ने बताया कि हम भगवान परशुराम के वंशज माने जाते हैं। क्योंकि, भगवान परशुराम का जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ। महर्षि जमदग्नि, महर्षि भृगु के वंशज थे।

## कार ने मारी बाइक को टक्कर इंजीनियर की मौत

**मुलताई।** नेशनल हाईवे मुलताई नागपुर रोड पर रविवार की सुबह करीब 11 बजे एक कार चालक ने वाहन तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार इंजीनियर की मृत्यु हो गई एवं उसकी पत्नी एवं तीन वर्षीय बेटा घायल हो गए। जिनका उपचार जारी है।मृतक की पहचान चिल्हाटी निवासी कमलेश बोबड़े के रूप में हुई है, जो भोपाल में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है रविवार सुबह करीब 11 बजे कमलेश अपनी पत्नी और तीन वर्षीय बेटे के साथ अपनी बाइक से एक पारिवारिक सगाई समारोह से लौट रहे था मल्हारा पंखा के पास उसकी बाइक को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक ने वाहन नहीं रोका। आरोपी कमलेश को बाइक सहित लगभग एक किलोमीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना मे कमलेश की पत्नी और बच्चा बाइक से दूर जा गिरे। हादसे में पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चे को मामूली चोटें आई हैं, बताया जाता है आरोपी चालक टोल मार्ग का उपयोग न करते हुए चिल्हाटी के रास्ते फरार हो गया। चिल्हाटी में एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध कार कैद हुई है।

## कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान नहीं किया : पंडाग्रे

**बैतूल। संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**




संगोष्ठी का शुभारंभ नर्मदापुरम जिले के प्रभारी, पूर्व विधायक अलकेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक डा.योगेश पंडाग्रे, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोर बरदे, जिला महामंत्री डा.महेन्द्रसिंह चौहान ने बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व विधायक अलकेश आर्य ने कहा कि बाबा साहब ने एक सर्वस्पर्शी और समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी जहां हर वर्ग को समान अधिकार और अवसर मिले। उनकी इसी परिकल्पना से प्रेरित होकर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ रही है।

## शासकीय बालक हाई स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

**सारनी।** शासकीय बालक हाई स्कूल के छात्र विसंत पंडागरे ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92.20 अंक प्राप्त कर जिले की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा छात्र अभिषेक खरे ने 88.60 अंक.कार्तिक उईके ने 84.00 अंक.छात्र तरुण यादव ने 82.80 अंक तथा छात्र फैजान खान ने 76.30 अंक प्राप्त किये है। बालक हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सरिता झरबडे ने बताया कि 10 बोर्ड परीक्षा मे विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी है। बताया जाता है कि इस वर्ष विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वीं का 60 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का 67 प्रतिशत रहा है। शाला की प्राचार्य श्रीमती झरबडे ने शाला का नाम रोशन करने वाले छात्र का सम्मन कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। दूसरी तरफ शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला कि छात्रा नंदनी चटोरी ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91.8 प्रतिशत छात्रा पवित्र सिंह ने 84 प्रतिशत, छात्रा वैशाली कैलाश ने 82.08 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है. छात्राओं कि इस सफलता पर पालको एवं छात्रों को शाला परिवार ने सम्मानित किया है। शाला के प्रभारी शंकर भंडारे ने बताया कि 10 बोर्ड परीक्षा में शाला मे प्रथम स्थान पर आने वाली छात्रा नंदनी को शासन की तरफ से स्कूटी मिलने की उम्मीद है।

## ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**भौंरा।** रविवार को नगर सहित ग्राम पहावाड़ी में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भौंरा के पटेल वार्ड स्थित माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भगवान परशुराम की आरती उतारकर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम में ग्राम पहावाड़ी के पावन शिव मंदिर में भी ब्राह्मण समाज द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज के लोगों ने एकत्रित होकर विशेष पूजा-अर्चना की और प्रभु से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के संबंध में समाज के जय किशोर मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या और धर्म रक्षा के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज को धर्म और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण होता है।



## करोड़ों की योजना फेल, अब गंदगी वाला पानी पी रही जनता

**आमला।** नगर में ग्रीष्मकाल शुरू होते ही जल संकट गहराता जा रहा है। आमला नगरपालिका द्वारा अब गंदे कुओं से पानी लेकर टैंकरों के माध्यम से सप्लाई की जा रही है, जिससे आम जनता को दूषित पानी पीने की मजबूरी बन गई है।नगर में करोड़ों रुपए की जलावर्धन योजना पूरी तरह दम तोड़ चुकी है, जिसके चलते नगरपालिका टैंकरों पर निर्भर हो गई है। हालात यह हैं कि जिन जल स्रोतों से पानी लिया जा रहा है, वहां गंदगी, झाड़ियां और कचरा साफ नजर आ रहा है। बावजूद इसके उसी पानी को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। गौरतलब है कि गर्मी शुरू होने से पहले जल स्रोतों की सफाई और मरम्मत की कोई ठोस तैयारी नहीं की गई। यदि समय रहते कुओं और अन्य स्रोतों को दुरुस्त किया जाता तो आज स्थिति इतनी खराब नहीं होती। अब हालात यह हैं कि कई वार्डों में दो-दो दिन के अंतराल में पानी मिल रहा है और उसका भी कोई निश्चित समय नहीं है।पार्षदों द्वारा करीब एक माह पहले ही अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कई स्थानों पर हैंडपंपों में मोटर डालकर भी पानी की सप्लाई बेहतर की जा सकती थी, पर इस दिशा में भी कोई प्रयास नहीं किए गए। पानी की अनिश्चित सप्लाई के कारण महिलाओं को दिनभर घरों में रहकर इंतजार करना पड़ता है, फिर भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। वहीं गंदे कुएं के पानी का उपयोग पीने में होने से स्वास्थ्य पर खतरा भी मंडरा रहा है।नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हाल ही में हुए इंदौर जैसे मामलों से भी नगरपालिका ने कोई सबक नहीं लिया है, जिससे जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



**जल संरक्षण** — ग्राम नढा के घने जंगलों एवं पहाड़ियों के मध्य स्थित जल स्रोत की ग्रामीणों ने की सफाई

## मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का दिया संदेश, किया जागरूक

**बैतूल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड आठनेर के कावला सेक्टर अंतर्गत अंतिम सीमा से सटी ग्राम पंचायत मानी के ग्राम नढा स्थित तीर्थ क्षेत्र गोमुख नदी पर जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम द्वितीय चरण का सफल आयोजन किया गया।**

- गोमुख नदी पर जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम
- जल गंगा संवर्धन अभियान का द्वितीय चरण

जल है तो कल है, जल स्रोतों की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है।



इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आठनेर विकासखंड से लगभग 55 किमी दूर धारुड के समीप ग्राम नढा के घने जंगलों एवं पहाड़ियों के मध्य स्थित इस महत्वपूर्ण जल स्रोत पर व्यापक श्रमदान किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा जल स्रोत के आसपास फैले प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को साफ किया गया तथा चट्टानों पर जागरूकता संबंधी नारों का लेखन किया गया।

साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। जन अभियान परिषद के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में मुख्य एवं सामूहिक नदियों पर सामूहिक श्रम साधना एवं नदी अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड आठनेर की समस्त नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं, प्रस्फुटन समिति धारुड एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई , जिनमें विशेष रूप से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धारुड एवं नवांकुर संस्था सतपुड़ा पर्यावरण समिति आठनेर का सराहनीय सहयोग रहा।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं एवं पिकनिक मनाने आने वाले लोगों को जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया, जो अनजाने में प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री फेंककर इस पवित्र जल स्रोत को प्रदूषित कर देते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन एवम नेतृत्व में बैतूल जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रयास किया गया हैं।

## नव आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र का हुआ लोकार्पण

**भौंरा।** नारी शक्ति द्वारा संचालित ब्रह्माकुमारी संस्थान के माध्यम से नगर के आध्यात्मिक व नैतिक उत्थान के लक्ष्य से आध्यात्मिक केंद्र का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर भौरा सरपंच श्रीमती मीरा धुर्वे, उप सरपंच रिंकू सिरोठिया, जनपद सदस्य सुधीर नायक सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने उपस्थित थे इस अवसर पर पंचायत भवन के बाजू में पुराने अस्पताल की जर्जर भवन का पुनर्निर्माण कर आध्यात्मिक केंद्र खोला गया। इस केंद्र के द्वारा तनाव प्रबंधन, नशा मुक्त भारत, जल संरक्षण, ब्लड डोनेशन, स्वस्थ भारत व स्वच्छ भारत अभियान जैसे समाज उपयोगी कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिनसे इस क्षेत्र के ग्रामीण जनों को लाभ मिलेगा । बैतूल से पधारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने बताया की चरित्र निर्माण एवं आध्यात्मिक शिक्षा की आज बहुत आवश्यकता है । मानसिक शांति, असीम आनंद और खुशियों से भरपूर करने वाले एक ईश्वरीय ज्ञान का मनन चिंतन कर राजयोग ध्यान करने से जीवन में शांति आती है। सभी निशुल्क रूप से इस ज्ञान योग भवन में पधार कर इसका लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर बैतूल, सारणी, घोड़ा डोंगरी, मुलताई व आठनेर से भी आगंतुक पधारे। सारणी की ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन जी के मार्गदर्शन में इस भवन का पुनर्निर्माण किया गया इस अवसर पर उन्होंने भी अपने अनुभव साझा किया तथा भौंरा क्षेत्र में ब्रह्मा कुमारीज की सेवाओं की शुरूआत से अब तक के सफर को विस्तार से बताया।

